# फर्जी दस्तावेज से विधवा महिलाओं की भूमि हड़पने के मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार



मांडलगढ़ के काछोला थाना पुलिस ने कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्रियों के आरोप में आठ जनों को गिरफ्तार किया।

■ मालका खेडा पटवारी बाबूलाल मीणा व वकील परमेश्वर धाकडद्य. की अतिशीघ्र होगी गिरफ्तारी

**मांडलगढ,** (निसं)। भीलवाडा के मांडलगढ उपखंड क्षेत्र मालका खेडा में तीन वृद्ध दलित महिलाओं की खेती की जमीन फर्जी दस्तावेज से रजिस्ट्री करवाकर अपने नाम कराने के मामले में काछोला थाना पुलिस ने 3 महिलाओं सहित 8 आरोपी गिरोह को गिरफ्तार किया है।

मांडलगढ़ के मालका खेड़ा पंचायत के भट खेडी गाँव की रहने वाली एक ही परिवार की तीन पीड़ित महिलाएं हैं। जिसमे 80 साल की विधवा बरजी देवी पत्नी भूराभील, राजी देवी पत्नी कल्याण भील 75 साल और पानी देवी पत्नी देबीलाल भील उम्र 36 साल की हैं। इन तीनों महिलाओं के खेती की जमीन में बरजी देवी की आराजी नम्बर 3-4-5-6/2 रकबा 2.6385 हेक्टेयर, राजिदेवी की आराजी नम्बर 236/164 रकबा 0.8094 हेक्टेयर व पानी देवी की आराजी नम्बर 235/164 0.8094 हेक्टेयर की लाखों की कीमत की भूमि को भूमाफिया गिरोह ने तथाकथित महिलाओं की आड में फर्जी दस्तावेज तैयार कर तहसील कार्यालय काछोला से फर्जी रजिस्ट्री करा अपने नाम करा ली ओर पटवारी बाबूलाल मीणा ने तत्काल नामांतरण भी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया।


पुलिस के मुताबिक इस पूरे खेल में भूमाफिया गिरोह के साथ मालका खेड़ा के पटवारी बाबूलाल मीणा, एक वकील परमेश्वर धाकड की संदिग्ध भूमिका सामने आई हैं।

इस मामले में पीड़ित महिलाओं ने भूमि खरीददार जसवीर पिता किशोर मीणा निवासी श्रीनगर तहसील बूंदी, हरनाथ पिता सुरजा मीणा निवासी लक्ष्मीपुरा तहसील मांडलगढ तथा भूमि विक्रय करने वाली कथित महिलाओं में बरजी देवी भील, राजी देवी भील, पानी देवी भील व रजिस्ट्री में गवाह बने आधा दर्जन भूमाफिया गिरोह के सदस्यों के खिलाफ काछोला थाने में 20 जून को मामला दर्ज हुआ था। इस मामले की शुरुआती जाँच में सामने आया कि भूमाफिया गिरोह ने इन पीडित महिलाओं के समानांतर नाम और जाति की महिलाओं को लालच देकर उनके जनआधार कार्ड लिए गए और जन आधार कार्ड में पीडित महिलाओं के पति के नाम और गाँव को एडिटिंग करा तहसील कार्यालय ले जाया गया जहां तहसीलदार, वकील व तहसील बाबू ने कोई ठोस जाँच पडताल किए बिना रजिस्ट्री कर दी। उधर गिरोह ने पटवारी से सांठगांठ कर फर्जी दस्तावेज से रजिस्ट्री करा खेती की भूमि का नामान्तरण भी अपने नाम दर्ज करा लिया गया। फर्जी रजिस्ट्रियों में लगे दस्तावेजों की पडताल में कई जगह तारीख लिखी नहीं मिली तो कई दस्तावेज पर अंगूठा निशान भिन्न पाई गई ओर तथाकथित महिलाओं की उम्र में भी गडबडियां मिली हैं।

काछोला थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि भीलवाडा पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू के आदेश अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्री, मांडलगढ पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह के सुपरविजन में फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले का खुलासा किया है। इस समूचे प्रकरण में पटवारी बाबूलाल मीणा द्वारा आरोपी हरनाथ मीणा के साथ मिलकर जमीन को हडपने का षड्यंत्र रचा गया।

महिलाओं की रजिस्ट्री में फर्जी महिलाओं को लाने का कार्य रणजीत बंजारा ने किया था तथा फर्जी रजिस्ट्री के लिए गवाहों को हरनाथ नाथ मीणा लेकर आया था। तीनों रजिस्ट्री में व्यय हुई सम्पूर्ण राशि पटवारी बाबूलाल मीणा ने चुकाई हैं ओर रजिस्ट्री के दौरान पटवारी बाबूलाल मीणा काछोला तहसील में उपस्थित रहा। प्रकरण में रंजीत बंजारा की तलाश जारी है। मामले का खुलासा करने वाली टीम में थाना प्रभारी दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल रामेश्वर लाल, मोहनलाल, कांस्टेबल गोपेश कुमार, भंवर लाल, पवन कुमार, हकीम सिंह व ममता शामिल थे।

# विनय से ही ज्ञान और गुण की प्राप्ति होती है : अभय मुनि



आचार्य अभय मुनि के विचारों को सुनने के लिए अनेक श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहे।

**आसीन्द** (निसं)। जिन जिनशासन का मूल विनय है, जिसमें विनय नहीं है वह धर्म नहीं कर सकता है। विनय से ही ज्ञान और गुण की प्राप्ति होती है। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, चारित्र प्राप्त करने वाले को मोक्ष प्राप्त होता है। संसार में गुणों का महत्व है, उम्र से उसका कोई लेना-देना नहीं है। ज्ञान और संयम का महत्व है छोटे बड़े का नहीं।

मनुष्य को सदैव गुण ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए। जहा लघुता होती है वहां प्रभुत्वा प्राप्त होती है। विधि सहित की गई साधना से ही फल मिलता है। उक्त विचार महावीर भवन में विराजित आचार्य अभय मुनि ने धर्मसभा में व्यक्त किए। आचार्य ने कहा कि दान सदैव गुप्त देना चाहिए, उसका प्रतिफल कई गुना मिलता है। सुपात्र दान सर्वश्रेष्ठ दान है। सूक्ष्म जीवों की जो पालना करता है वह जैन है। मनुष्य को कहीं से भी कोई भी अच्छी चीज मिले उसको ग्रहण करनी चाहिए। मनुष्य को सदैव अपने कर्तव्यों का पालन करते रहना चाहिए। स्वरूप मुनि ने कहा कि मनुष्य को मर्यादित जीवन जीना चाहिए। 18 पापों का सेवन करने वाला व्यक्ति व्रत पच्छखान नहीं लेता है तब तक उसको पुण्य की प्राप्ति नही होती है। भूपेंद्र मुनि ने धर्मसभा के पश्चात प्रार्थना का वाचन किया एवं बालिका वैभवी जैन ने अपना वक्तव्य दिया। आगामी 12 से 14 अगस्त के मध्य तेले तप का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर आसींद सहित आस पास के क्षेत्रों में काफी उत्साह है। धर्म सभा में महिला अध्यक्षा मंजू कर्णावट, कमला तातेड़, कमला चौधरी, विजय लक्ष्मी चौधरी, नजर बाई बुरड़ आदि श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### पेयजल योजना के लिए 6 करोड़ स्वीकृत

**ब्यावर** (निसं)। भीम उपखण्ड मुख्यालय से दूर आधा दर्जन गाँवों के हजारो परिवारों के लिए पेयजल को लेकर बडी ही राहत की खबर है। विधायक सुदर्शन सिंह रावत के कुशल प्रयासों से अब इन गाँवों के हालात बेतहर होंगे एवं महिलाओं को पेयजल के लिए लम्बी दूरी तय कर पानी नहीं लाना पडेगा। इसको लेकर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की और से उपखण्ड के लगेतखेडा, पीपली का बाडिया, केसरपुरा, भोपालगढ एवं हथुण के हजारो परिवारों के लिए नवीन पेयजल योजना के लिए 6.0358 करोड की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। अब इस परियोजना के धरातल पर उतरने के साथ ही इस क्षेत्र के हजारो परिवारों को पेयजल की किल्लत से निजात मिल सकेगी। अब पीएचईडी विभाग की 6.0358 करोड की इस परियोजना को स्थानीय विधायक रावत की अनुशंषा पर स्वीकृति मिल चुकी है। इसको लेकर विधायक रावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पीएचडी मंत्री महेश जोशी का आभार व्यक्त किया है।

### तिरंगा यात्रा सुवाणा मंडल में संपन्न

**भीलवाडा** (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली व पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, जिला प्रमुख बरजी देवी भील, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भगवान सिंह चौहान, जिला महामंत्री बाबू लाल टांक, जिला मंत्री नंदलाल गुर्जर, विधानसभा समन्वयक कन्हैया लाल खटोड, मण्डल प्रभारी मधु शर्मा, टीना गुर्जर के आतिथ्य में 'तिरंगा यात्रा' सुवाणा मण्डल में सम्पन्न हुई। सुवाणा मण्डल अध्यक्ष लादु लाल जाट ने बताया कि ''तिरंगा यात्रा'' सुवाणा गांव में बड़े चारभुजा मंदिर के बाहर से ढोल धमाकों से शुरू हुई, जो सुवाणा के मुख्य मार्गों से होते हुये बस स्टेण्ड बालाजी के मंदिर पर सम्पन्न हुई। जहां जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली व पूर्व मंत्री कालू लाल गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष लादु लाल जाट ने संबोधित किया।

### भोलेनाथ का सहस्त्राअभिषेक

**ब्यावर,** (निसं)। स्थानीय नरसिंह मंदिर में देवादी देव महादेव की आराधना के श्रावण मास के अंतिम रविवार को भोलेनाथ का सहस्त्राअभिषेक किया गया। हरिमोहन मनमोहन वैद्य परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पंडित राजेश शर्मा, गोवर्धन शर्मा, कुलवरधन शर्मा, मयूर शर्मा, संदीप गौड, दीपक शर्मा ने रुद्राष्टाध्याई सस्वर पाठ किया। आयोजन में ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश बंसल मंत्री राधेश्याम डाणी, पंडित जगमोहन व परिवार के सदस्यों के साथ प्रेम बालोतरीया, पंकज बजारी, केशव गौड, मंजू शर्मा, शकुंतला डाणी, मिथिलेश बंसल आदि उपस्थित रहे। सांय काल भोलेनाथ का विशेष मनमोहक श्रंगार किया गया, तत्पश्चात आरती व प्रसाद वितरण किया गया।

# मसूदा विकास अधिकारी को तुरंत प्रभाव से स्थानांतरण व एपीओ की मांग

■ प्रधान मीनू कंवर राठौड़ ने मुख्यमंत्री गहलोत को लिखित शिकायत की

**मसूदा** (निसं)। मसूदा प्रधान मीनू कंवर राठौड़ ने मुख्यमंत्री के नाम एक शिकायत पत्र लिखा जिसमें बताया कि मसूदा पंचायत समिति में कार्यरत विकास अधिकारी फिरोज खान द्वारा उपायुक्त एवं शासन सचिव उप सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जयपुर के आदेश क्रमांक 1500 दिनांक 11 मई 20-22 कि अनुपालना में दिनांक 16 मई 2022 को स्थानीय कार्यालय में पद ग्रहण किया गया था।

फिरोज खान विकास अधिकारी के प्रतिस्थापन एवं व्यक्तिगत आचरण के संबंध में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि फिरोज खान स्थानीय मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मूल निवासी हैं एवं विगत 15 वर्षों से विधानसभा क्षेत्र मसूदा में ही पूर्व में ग्राम विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी अतिरिक्त विकास अधिकारी के पद पर नियंत्रण कार्यरत है। राज्यसेवा के पद पर पदोन्नति पर भी इनका पदस्थापन पंचायत समिति मसूदा के विकास अधिकारी के पद पर हुआ जो कि नियम विरुद्ध है। दिनांक 16 मई 2022 से आज तक भी फिरोज खान मूलपद स्थापित स्थान पर नहीं रहकर पंचायत समिति भिनाय से अप डाउन किया जाता है। इस हेतु नियम विरुद्ध सरकारी वाहन का उपयोग किया जाता है अतः उनके द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया जाकर पद की गरिमा भंग करते हुए ईमानदारी पूर्वक कार्य नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में विशेष ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि उनके द्वारा कर्मचारी ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक एवं सरपंच ग्राम पंचायत समिति सदस्य गण एवं आमजन के बीच अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया जाता है सरकारी कार्यालय में मनोज बंसल सहायक अभियंता व शिखरानी सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ के सामने हिंदू धर्म के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया था। हिंदू धर्म के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने पर प्रधान मीनू कंवर राठौड़ ने रोष जताया एवं मुख्यमंत्री को शिकायत करते हुए विकास अधिकारी को पद से तुरंत स्थानांतरित करने की बात कही। पत्र में प्रधान ने लिखा है कि विकास अधिकारी द्वारा विकास कार्य नहीं करवा कर क्षेत्र में राजनीति की जा रही है। पत्र में प्रधान ने यह भी लिखा है कि विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों के टेंडर एवं चौकीदारों के संबंधित टेंडर अपने रिश्तेदार को दे दिए जाते हैं। जिनसे योजना के कार्य भी प्रभावित होते नजर आ रहे हैं। इससे भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिल रहा है।

प्रधान ने लिखा कि विकास अधिकारी को तुरंत प्रभाव से मसूदा से हटाया जाए एवं उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। विकास अधिकारी को मसूदा पंचायत समिति से नहीं हटाया तो इनके द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द के माहौल को बिगड़ने की आशंका जताई। इस संबंध में मसूदा विकास अधिकारी फिरोज खान ने बताया कि मसूदा प्रधान द्वारा लगाए गए आरोपी गलत है। मैं अपना कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करता हूँ मै सभी धर्मो का आदर करता हूँ। मैने ऐसा कुछ नहीं कहा हैं, समय रहते सच्चाई सामने आ जाएंगी।

# रंग भरो प्रतियोगिता 18 से

**अजमेर,** (कास)। सिन्धुपति महाराजा दाहरसेन 1353 वीं जयंती, स्मारक निर्माण की रजत जयन्ती वर्ष व आजादी का अमृत महोत्सव के साथ 14 अगस्त से 25 अगस्त तक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उसी श्रृंखला में विद्यालयी छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना को और अधिक जाग्रत करने हेतू विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महाराजा दाहरसेन के जीवन से प्रेरणा लेकर चित्र में रंग भरो प्रतियोगिता 18 अगस्त, 2022 गुरूवार अथवा 22 अगस्त से पूर्व स्थानीय विद्यालयों में अपने स्तर पर ये दोनों वर्ग प्रतियोगिताएं कक्षा 6 से 8 (कनिष्ठ वर्ग) तथा कक्षा 9 से 12 (वरिष्ठ वर्ग) हेतू आयोजित होंगी। चित्रकला रंग भरो प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर ही संस्था प्रधान अपने स्तर पर आयोजित करावाएंगे।

# युवा पीढ़ी शिक्षा के साथ राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करें : जैन



32वां प्रतिभावान सम्मान समारोह में 305 विद्यार्थी सम्मानित किये गये।

■ 'हार से मिली सीख सफलताओं की सीढ़ी बनाती है'

**अजमेर,** (कास)। साईं बाबा मंदिर ट्रस्ट स्वामी ग्रुप एवं पंडित आत्माराम व्यास जन्म शताब्दी समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित समारोह में राजस्थान बोर्ड एवं सीबीएसई की दसवीं कक्षा परीक्षा में 75 प्रतिशत एवं अधिक अंक प्राप्त 305 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

स्वामी काम्पलेक्स बेनकॉट हॉल में आयोजित समारोह में उद्योगपति सुनीलदत्त जैन ने कहा कि युवा पीढ़ी शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करें। वह ऐसे नागरिक बने जिनके पदचिन्हों पर चलकर नवयुग का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि 2047 में जब हमारा देश आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा, तब हम अखंड भारत के साथ विश्व गुरु बनेंगे। जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है, केवल आवश्यकता इस बात की है कि बच्चे छोटे-छोटे लक्ष्य को लेकर पूर्ण समर्पित भाव से उन्हें पूरा करे।

कंवल प्रकाश ने स्वागत भाषण देते हए कहा कि पिछले 16 वर्षो से 10वीं व 12वीं कक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों का यह 32वां आयोजन स्वामी हिरदाराम साहिब की प्रेरणा से आयोजित किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार गिरधर तेजवानी ने कहा कि पुरानी शिक्षा नीति स्मृति बैस थी जिसमें वर्तमान में काफी परिवर्तन आया है। अंतर्राष्ट्रीय बास्केट बॉल तकनीकी अधिकारी विनीत लोहिया ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ नियमित रूप से प्रतिदिन एक घंटा खेलकूद, योग करे सभी आवश्यक कार्य पैदल अथवा साइकिल के माध्यम से करें, जिससे पर्यावरण भी शुद्ध होगा तथा ईंधन की भी बचत होगी। लोहिया ने कहा कि जीवन में असफलताओं से नहीं घबराये। खेल जीवन में हार को स्वीकार करना भी सिखाते है। हार से मिली सीख सफलताओं की सीडी बनती है तथा पढ़ाई के साथ खेलो को भी अपना कैरियर बना सकते हैं। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी सुरेश सिंधी ने कहा कि सुविधाओं के अभाव में भी जीवन का आनंद लेना चाहिए। सिंधी लेडिज क्लब की अध्यक्ष दिशा किशनानी ने भी संबोधित किया।

प्रेम केवलरम्मानी ने बताया कि समारोह में टॉप 10 विद्यार्थियों जिनमें मेहुल टांक, बॉबी, तन्वी अग्रवाल, दैविक पटौदी, हर्षिता रामचन्दानी, श्रुति शर्मा, प्रांची संतलानी, पलक अग्रवाल, आश्रवी जैन व प्रतीक मीरचन्दानी को सर्वश्रेष्ठ सम्मान पत्र व टॉप 3 विद्यार्थियों को नगद राशि के साथ ही गिरधर तेजवानी लिखित अजमेर एटं.ए ग्लांस, ओंकार सिंह लखावत लिखित बोल चारण बोल, टीकम बोहरा की माँ पर आधारित कविता संठाह माँ से प्यारा पुस्तकों को देकर सम्मानित किया गया। समारोह के प्रारंभ में संत हिरदाराम साहिब व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण समारोह का शुभारंभ किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में धन्यवाद सांई बाबा मंदिर के ट्रस्टी महेश तेजवानी ने दिया। समारोह का संचालन हरी चंदानी ने किया।

## सार-समाचार

### पोस्टर का विमोचन



**भीलवाडा,** (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए इस बार स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहर की दस्तक संस्था ने भी पहल की है। इसके लिए 14 अगस्त को अमृत महोत्सव मनाने के लिए स्टेशन चौराहा से सूचना केंद्र चौराहा तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। सर्किट हाउस में हाई कोर्ट जस्टिस मनोज गर्ग, सेशन जज भीलवाडा चंद्रप्रकाश श्रीमाली, सेशन जज बूंदी सुधीर पारीक, न्यायिक मजीस्ट्रेट जफर, एडवोकेट दीपक मित्तल ने दस्तक संस्था के कार्यक्रम रंग दे बसंती का पोस्टर विमोचन किया। संस्था के कुणाल ओझा ने बताया कि पंकज जैन, शरद शुक्ला, दीपक पुरोहित, राहुल वर्मा, अमित पोरवाल, मयंक वैष्णव, नरेंद्र गुर्जर, उपस्थित थे। इसी तरह कॉलेज खेल मैदान, राजेन्द्र मार्ग स्कूल खेल मैदान, प्रतापनगर स्कूल खेल मैदान, भीमगंज स्कूल खेल मैदान (मोदी ग्राउंड) में भी तिरंगा यात्रा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पंकज जैन, धर्मवीर कानावत, नरेश विश्नोई, शरद शुक्ला, नरेंद्र गुर्जर, दीपक पुरोहित, उदयलाल बोराना, अजय खोईवाल, धर्मेंद्र तिवाडी, सत्यवीरसिंह, रामदेव, मयंक वैष्णव, पंकज प्रजापत, राजकुमार खटीक, नारायण गुर्जर सदस्य उपस्थित थे।

### कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**भीलवाडा,** (निसं)। विशाल कावड यात्रा मांडल तालाब की पाल से प्रारंभ होकर हरणी महादेव पर संपन्न होगी। कावड यात्रा सोमवार प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी तथा भीलवाडा शहर में पथ संचलन होगा। इसी के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट व अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट आशीष मोदी के आदेशानुसार माण्डल तालाब की पाल से जाटो का मौहल्ला, बडा मन्दिर, बस स्टेण्ड, माण्डल चौराहा, भदाली खेडा चौराहा तक के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट मांडल डॉ पूजा सक्सेना व मांडल तहसीलदार मदन परमार को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भदाली खेडा से आरजिया चौराहा से आरजिया ग्राम होते हुये तेजाजी का चौक, पालडी, टंकी के बालाजी, छोटी पुलिया, गायत्री आश्रम रोड, मजदूर चौराहा, नेहरू गार्डन होते हुए रोडवेज बस स्टैंड, सूचना केन्द्र से हनुमान मन्दिर होते हुये गोलप्याऊ चौराहा, नगर परिषद रोड से बडला चौराहा से तेज सिंह सर्किल हरनी कला होते हुये हरनी महादेव तक के लिए भीलवाडा तहसीलदार अजीत सिंह व मांडल तहसीलदार मदन परमार व पथ संचलन भीलवाडा शहर के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट भीलवाडा ओम प्रभा व सहायक भू प्रबंध अधिकारी शंकर लाल बलाई को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# पुलिस ने कंस्ट्रक्शन ठेकेदार को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया, दो बदमाश गिरफ्तार



क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

■ अपहरण कर बंधक बनाकर मारपीट का मामला

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए अपहृत हुए कंस्ट्रक्शन ठेकेदार युवक को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ा कर दस्तयाब किया और अपहरणकर्ता युवको को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। जनाना रोड साइट पर जा रहे कंस्ट्रक्शन ठेकेदार का किडनेप करने का मामला सामने आया। ठेकेदार के पुत्र ने दो जनों के खिलाफ क्रिश्चयनगंज थाने में मामला दर्ज कराया। बेटे का आरोप है कि आरोपियों ने फोन पर पैसे देने पर ही पिता को छोडने की बात कही। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

क्रिश्चियनगंज थानाधिकारी डॉ. रवीश सामरिया ने बताया कि शनिवार को परिवादी विशाल पुत्र गोपाल बैरवा निवासी तिवारी की चक्की के पीछे पसंद नगर कोटडा हाल निवासी किरायेदार भूपेश सांखला का मकान बीके कॉल नगर अजमेर ने थाना में रिपोर्ट देते हुए बताया कि मेरे पिताजी जनाना साइड पर जा रहे थे। इसी दौरान जनाना तिराहे के पास हमारी साईड पर पूर्व में काम करने वाले आदम व दिनेश काठात ने उनको रोककर अपहरण कर लिया। इसके बाद फोन कर बताया कि उसके पिता का अपहरण कर लिया है और रुपए दोगे तो ही छोडेंगे, वरना मार देंगे। इसके बाद फोन स्वीच ऑफ कर लिया। पिता के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन वह भी बंद मिला। अपहरण करने वाले आदम व दिनेश के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने अपहरण करने, जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने, पैसे की मांग करने के आरोपो का गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर लिया, मामले की जांच पुलिस उपअधीक्षक छवि शर्मा को सौंपी गई।

अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने और प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखने के लिए त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करने को लेकर एसपी चूनाराम जाट अधिकारियों को निर्देशित किया और अपहरणकर्ताहओ को शीघ्र गिरफतार व अपहृत युवक को दस्तयाब करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, वृत उत्तर उपअधीक्षक छवि शर्मा के नेतृत्व डॉ. रवीश सामरिया पुलिस निरीक्षक क्रिश्चियनगंज के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया।

डॉ. सामरिया ने बताया कि प्रकरण में अपहरणकर्ताओं की तलाश के लिए थानाक्षेत्र की सिगमा व चेतक को संभावित स्थानों पर तलाश के लिए रवाना किया व विशेष टीम द्वारा तकनिकी सहायता प्राप्त कर घटना का बारिकी से विशलेषण करते हुए दौराने तलाश थानाक्षेत्र गणेश गुवाडी वैशाली नगर अजमेर में एक मकान पर दबिश देकर अपहरणकर्ता आदम काठात पुत्र करीम काठात निवासी ठाम केसरपुरा जिला राजसमन्द हाल केरीयो की ढाणी अजमेर तथा दिनेश काठात पुत्र मदन काठात विासी फतेहपुरिया दोयम जय भवानी कॉलोनी थाना ब्यावर सिटी हाल केरियों की ढाणी थाना अजमेर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गोपाल बैरवा पुत्र रामलाल को छुड़ाया। पुलिस अपहरणकर्ता आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

आरोपियों की गिरफ्तार करने वाले टीम में क्रिश्चियनगंज थानाधिकारी डॉ.रवीश सामरिया, उपनिरीक्षक बुद्धाराम, हैड कानि. किशोर कुमार, कानि. हरेंद्र (विशेष योगदान), रामप्रकाश व चालक किशनलाल शामिल थे।